## एक नजर में

### प्रवेश प्रक्रिया पोर्टल पर होगी संचालित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीयूईटी 2026 के माध्यम से किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के ई-प्रवेश पोर्टल के जरिए संचालित होगी।**

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, अभ्यर्थियों के लिए सीयूईटी परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य रहेगा। साथ ही मेजर विषय के अलावा माइनर,जेनेरिक इलेक्टिव विषयों की पात्रता भी सीयूईटी स्कोर के आधार पर तय की जायेगी। विशेष रूप से, ऐसे विद्यार्थी जो विषय परिवर्तन करना चाहते हैं अथवा यूजी के बाद अन्य विषय में पीजी करना चाहते हैं, उनके लिए इंटरव्यू में भाग लेना अनिवार्य किया गया है। साक्षात्कार 27 अप्रैल से शुरू होकर 14 मई 2026 तक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लीड कॉलेज, प्रतिदिन सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश सीयूईटी 2026 के माध्यम से किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के ई-प्रवेश पोर्टल के जरिए संचालित होगी।

# घटिया सड़कें देख नाराज हुईं अध्यक्ष अंजली

**प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा एवं सीएमओ ने देखीं सड़कें**

**ठेकेदारों सहित उपयंत्रियों को होंगे नोटिस जारी**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में बिछाई गई सीसी सड़कों में किए गए घटिया निर्माण को लेकर अब प्रभारी अध्यक्ष एवं सीएमओ ने कई सड़कों का निरीक्षण कर कार्यवाही की बात कही है। नपाध्यक्ष के पद पर तैनात डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंजली शर्मा एवं सीएमओ ओमपाल भदौरिया शहर के पांच सड़कों को देखने पहुंचे जहां पहली सड़क को देखते ही दोनों ने नाराजगी जताई। अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा ने कहा कि ऐसी सड़कों का निर्माण कार्य आखिरकार हुआ कैसे। उन्होंने तत्काल संबंधित सड़क बनवाने वाले ठेकेदार एवं उपयंत्री को दोषी मानकर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन लोगों पर ऐसी कार्यवाही की जाए, जिससे कभी कोई ऐसी घटिया सड़क का निर्माण न कराए।**





दरअसल बीते दिनों शहर की खराब सड़कों को लेकर दैनिक नवभारत ने विशेष रूप से एक खबर प्रकाशित की थी, जिसमें यह बताया गया था कि शहर की सड़कें बेहद घटिया एवं खराब हैं। इस पर नगर पालिका की अध्यक्ष अंजली शर्मा ने यह कहा था कि जल्द ही इन सड़कों का निरीक्षण करेंगे।

डिप्टी कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा एवं सीएमओ ओमपाल भदौरिया सहित एकाउंटेंट विजय यादव अपने अमले के साथ रविवार की सुबह शहर की सड़कों के निर्माण को देखने पहुंचे जहां उन्हें कहीं भी अच्छी क्वालिटी वाली सड़क नहीं दिखाई दी, जिस पर सभी ने चिंता जाहिर की।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा ने कहा कि मेरे होते हुए इस तरह के कार्यों को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। घटिया निर्माण सड़कों को बनाने एवं देखरेख करने वालों पर अब एक्शन होगा। हालांकि पहले ठेकेदार एवं उपयंत्रियों को नोटिस जारी कर सड़क दुरुस्त कराने के लिए कहा जाएगा, अगर ऐसा नहीं किया गया तो निश्चित ही इनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

उन्होंने यह माना है कि वार्ड नंबर 19 एवं वार्ड 20 की दो सड़कें बेहद खराब हैं जहां सीसी सड़क पर गिट्टी दिखाई देने लगी है, वहीं यहां लगाई गई डस्ट उड़ रही है। इतना ही नहीं एक और सड़क का निरीक्षण उन्होंने किया है, जो सड़क बनने के कुछ माह के अंदर ही फटने लगी है। डामरीकरण वाली सड़क पर भी गड्ढे हैं, जिन्हें भरा जा सकता है। इसलिए सीएमओ और अध्यक्ष ने इन्हें भरने की बात कही।

### इन सड़कों का किया गया निरीक्षण

नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ ने जिन सड़कों का निरीक्षण कर उनके सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उनमें सबसे पहले अजाक्स थाने के सामने रामजी नायक की गली, जिसका निर्माण कार्य जीवन ज्योति कंपनी द्वारा कराया गया। इसके साथ ही वार्ड 20 में स्थित सिद्धि विनायक कालोनी की सड़क भी शामिल हैं। इसका निर्माण कार्य लाखों रुपए से सिद्धि विनायक कंपनी के द्वारा कराया गया। साथ ही कसगर वाली गली भी इसमें शामिल है, जो पुराने भाजपा कार्यालय के पास से नए बस स्टेण्ड की ओर जाती है। यह सड़क पूरी तरह टूटने लगी है। इसका निर्माण कार्य बंधु बिल्डर्स एण्ड सप्लायर कंपनी द्वारा कराया गया है। इसके साथ ही मोटे के मोहल्ला की एक गली, सुभाषपुरम कालोनी में भी सड़क थोड़ी खराब होना बताया है। इनके ठेकेदारों एवं उपयंत्रियों को नोटिस दिए जाएंगे।

### लाखों की सड़कों का हुआ घटिया निर्माण कार्य

दैनिक नवभारत द्वारा प्रकाशित खबर के बाद निरीक्षण पर निकली अध्यक्ष श्रीमती अंजली शर्मा एवं सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने जिन सड़कों को देखा है वह लाखों रुपए खर्च कर निर्माण कराई गई हैं, लेकिन इन सड़कों की हालत इतनी दयनीय है कि वह समयावधि से पहले ही उखड़ गई हैं। खराब सड़कों को देख अध्यक्ष एवं सीएमओ ने नाराजगी जताकर ऐसे ठेकेदार एवं संबंधित उपयंत्री को नोटिस देने की बात कही। साथ ही कहा है कि सब पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस तरह जनता के पैसे को बर्बाद होने से रोका जाएगा।

# वाह कलेक्टर साहब वाह..



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। वाह कलेक्टर साहब वाह..क्या बात है आपकी..। यह पंक्तियां इन दिनों जिले के लोगों की जुबां पर आ गई हैं। क्योंकि टीकमगढ़ कलेक्टर कुछ ऐसा कर ही रहें, जो लोगों को मजबूर कर वाह कहने के लिए। प्रदेश के तीन ऐसे कलेक्टर हैं, जो इन दिनों चर्चाओं में हैं।**

दरअसल इन दिनों टीकमगढ़ के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के कामकाज को लेकर जिले की जनता बेहद खुश है। क्योंकि वह काम ही कुछ ऐसा कर रहे हैं। ऐसा कोई मौका नहीं होता है कि वह मैदान में न दिखें। दरअसल उन्हें कई बार शहर में निरीक्षण करते तो देखा है, परन्तु वह इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर भी वह मैदान में डट गए हैं।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के अंतर्गत ढोंगा स्थित कचरा प्रसंस्करण क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित उपयंत्री को आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एमआरएफ सेंटर, एफएसटीपी एवं लेगेसी वेस्ट प्वाइंट सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण होना आवश्यक है।

इस दौरान कलेक्टर ने पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य को तीन दिवस के भीतर प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए, ताकि कचरा प्रसंस्करण क्षेत्र तक सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके।

# मोबाईल बीमा के नाम पर बनाया जा रहा मूर्ख

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मोबाइल बीमा के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक्रोस असिस्ट कंपनी के खिलाफ कई बीमाधारकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि क्लेम के लिए आवेदन करने पर हर बार एक ही कारण बताकर दावे खारिज कर दिए जाते हैं।**

हैंडसेट की क्षति की स्थिति, घटना के विवरण से मेल नहीं खाती है। हर क्लेम में एक जैसा जवाब, उपभोक्ता परेशान हैं और एजेंटों ने अब अपना पलड़ा झाड़ लिया है।

अरशद राईन, उबैश खान, अविनाश कुशवाह और अरविंद्र जैन सहित कई उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्होंने नियमों के तहत मोबाइल बीमा कराया, लेकिन नुकसान होने पर कंपनी ने राहत देने के बजाय हर बार एक ही कारण बताकर क्लेम रिजेक्ट कर दिया।

पीड़ितों का कहना है कि कंपनी की ओर से न तो स्पष्ट जवाब दिया जाता है और न ही संतोषजनक समाधान, बल्कि उन्हें लगातार टालने की कोशिश की जाती है। वही बीमा कराने वाले एजेंट का कहना है कि उसका काम केवल पॉलिसी करना है, क्लेम से जुड़ी प्रक्रिया ऊपर से होती है। इससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है।

इस पूरे मामले ने बीमा कंपनियों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पॉलिसी बेचते समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन क्लेम के समय तकनीकी कारणों का सहारा लेकर जिम्मेदारी से बचा जाता है।

पीड़ितों ने कंपनी के जवाबदेही मुख्य ओनर तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, क्लेम प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दोषी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह मामला केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे बीमा सेक्टर की विश्वसनीयता पर भी असर डाल सकता है। अब नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है कि पीड़ितों को न्याय कब तक मिल पाता है। अब आगे मामले की जांच के बाद ही कुछ स्थिति स्पष्ट हो पाएगी की इसकी हकीकत क्या है।

## आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# महिला चोर ने रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर बोला धावा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कुंअरपुरा रोड स्थित शिव नगर कॉलोनी में एक रिटायर्ड पुलिस सब-इंस्पेक्टर (एसआई) के घर चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात महिला ने घर के बाहर वाले कमरे से करीब 30,000 रुपये का मोबाइल फोन चुरा लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें महिला को घर के अंदर जाते और बाहर निकलते देखा जा सकता है।**

रिटायर्ड एसआई प्रदीप तिवारी ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह अपनी पत्नी के साथ एक विवाह समारोह से लौटे थे। गाड़ी पार्क करने के लिए वह गैराज में गए, जबकि उनकी पत्नी घर के अंदर खाना बनाने लगीं। इसी दौरान एक महिला एक 12 वर्षीय बच्चे के साथ गली से गुजरी। थोड़ी दूर जाने के बाद वह वापस लौटी और सीधे एसआई के घर में घुस गई।

महिला ने घर के बाहर वाले कमरे में रखी टेबल से मोबाइल फोन चुराया और बच्चे के साथ वहां से निकल गई। जब प्रदीप तिवारी गैराज से लौटे और टेबल पर मोबाइल नहीं मिला, तो उन्हें चोरी का संदेह हुआ। पूरे घर में तलाश करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर उन्होंने मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। मोहल्ले के कन्हैया राजपूत के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में महिला को घर के अंदर जाते और बाहर निकलते साफ देखा गया। इसके बाद प्रदीप तिवारी ने सीसीटीवी फुटेज के साथ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात महिला की तलाश में जुट गई है, हालांकि अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। यहां आपको बतां दें कि रिटायर्ड पुलिस सब इंस्पेक्टर के घर से हुई चोरी के कारण तमाम तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना तैयार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर अवसर की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा एक नवीन योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 तैयार की गई है।**

मध्यप्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना, अनुशासन एवं कर्तव्य बोध विकसित करते हुए प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य जानकारी दी जाएगी।

# गड़ारी गांव से पुलिस ने 89 गांजे के पेड़ किए जब्त

**नवभारत न्यूज, पलेरा। पलेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गड़ारी से पलेरा थाना पुलिस द्वारा 89 गांजे के पेड़ों को जब्त किया गया है। इन गांजे के पेड़ों की कीमत लगभग 25 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने खुलासा कर बताया है कि यह कारोबार गांव का दशरथ कुशवाहा नामक व्यक्ति कर रहा था।**



जानकारी की मुताबिक मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गडारी मे गडला वाला खेत मे आरोपी दशरथ कुशवाहा पिता जयराम कुशवाहा निवासी ग्राम गडारी थाना पलेरा जिला टीकमगढ का अवैध रुप से अपने खेत मे अवैध मादक पदार्थ हरे गांचा के पेङ(89) लगाये हुये है जो मुखविर सूचना की तस्दीक कार्यवाही हेतु मय हमराही स्टाफ के घटना स्थल पर विधिवत रैड कार्यवाही कर आरोपी दशरथ कुशवाहा पिता जयराम कुशवाहा निवासी ग्राम गडारी थाना पलेरा जिला टीकमगढ के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ विधिवत जप्त कर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी.प्रीति भार्गव, एनडी कोदर, फूलचन्द्र बौद्ध, देवेन्द्र सिंह, रमाशंकर कुशवाहा, बालकिशन श्रीवास, मनमोहन रैदास, रामकिशन अनुरागी, ग्यासी यादव, ध्रुव पटैरिया, मनोज कुमार, आरक्षक रामप्रकाश, ललित कुशवाहा, हरीश यादव, लोकेन्द्र रावत, प्रवेन्द्र पटेल, अजय अहिरवार, ज्ञानसिंह सेंगर, आर नरेन्द्र पटेल,आर रामकृष्ण कुर्मी, आरक्षक लक्ष्मन पटेल, गोविन्द पटेल, कुल्दीप चतुर्वेदी, सुनील, बृजेन्द्र कुमार, शुभम दीक्षित, दीपक मिश्रा चालक आरक्षक सुमित दुबे की सराहनीय भूमिका रही। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को जिला न्यायालय में पेश किया है।

# अस्पताल में गर्भवती महिला एवं नवजात शिशु की बचाई जान

**जिला अस्पताल में डॉक्टर एवं स्टॉफ ने दिखाई तत्परता**

**प्रसव पीड़ा के बाद जिला अस्पताल में कराया भर्ती**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों और स्टाफ की तत्परता से एक गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की सुरक्षित जान बचाई गई। मरीज रश्मि असाठी (32 वर्ष), पति जगत किशोर, निवासी टीकमगढ़, को एक अप्रैल 2026 को प्रसव पीड़ा के बाद जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक जांच में बच्चा तिरछा पाया गया, जिससे नार्मल प्रसव संभव नहीं था।**



स्थिति की गंभीरता को समझते हुए डॉ. रेखा बड़गैया और नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत सक्रियता दिखाई। दो अप्रैल 2026 को डॉ. रेखा बड़गैया द्वारा ऑपरेशन किया गया, लेकिन ऑपरेशन के दौरान बच्चेदानी में गांठें पाई गईं, जिनसे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉ. यशस्वी खरे और डॉ. आभा सिंह को तत्काल बुलाया गया। मरीज की जान बचाने के लिए डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्चेदानी निकालने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया। इस दौरान निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. एच. वी. बड़गैया ने पूरे ऑपरेशन को अपनी निगरानी में एनेस्थीसिया देकर सफलतापूर्वक पूर्ण करवाया एवं पूरे समय इस जटिल ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ऑपरेशन के दौरान ओटी इंचार्ज रूपल जैन, श्रीमती श्रद्धा सिंह बुंदेला, सती अहिरवार एवं शम्भू दयाल का भी सराहनीय योगदान रहा। समय पर किए गए प्रयासों, डॉक्टरों की सूझबूझ और पूरी टीम के समर्पण से सुरक्षित प्रसव एवं महिला का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया, जिससे मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं।

मरीज को 14 अप्रैल 2026 को शिशु के साथ सुरक्षित डिस्चार्ज किया गया। परिजनों ने जिला चिकित्सालय की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टरों, स्टाफ नर्स और सहयोगी कर्मचारियों की संवेदनशीलता, समर्पण और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण यह संभव हो पाया।

यह घटना जिला चिकित्सालय की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, टीमवर्क और मरीजों के प्रति समर्पित कार्यशैली का सकारात्मक उदाहरण है। अस्पताल प्रशासन ने भी इसे सेवा भावना और जिम्मेदारी का परिणाम बताया। जिला चिकित्सालय लगातार आमजन को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**लापरवाही** — **ग्राम पंचायत धनेरा में गंदगी ही गंदगी**

# धनेरा गांव में कचरे से भरीं नालियां, बीमारियों का बढ़ा खतरा

**नवभारत न्यूज, खरगापुर। जनपद पंचायत बलदेवगढ़ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत धनेरा में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। गाँव की नालियाँ लंबे समय से कचरे और प्लास्टिक के मलबे से भरी हुई हैं, जिससे जल निकासी अवरुद्ध हो गई है।**



तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि नालियाँ कचरे के ढेर में तब्दील हो चुकी हैं। प्लास्टिक की बोतलें, थैलियाँ और अन्य अपशिष्ट जमा होने के कारण पानी सड़ रहा है। भीषण गर्मी और आगामी मानसून के बीच, यह जमा हुआ गंदा पानी मच्छरों और बैक्टीरिया के पनपने का मुख्य केंद्र बन गया है।

वहीं इस पूरे मामले पर ग्रामीणों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई न होने से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। गंदे पानी के जमाव से मलेरिया, डेंगू और हैजा जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। धनेरा के निवासियों ने जनपद पंचायत अधिकारियों और जिला प्रशासन से मांग की है कि नालियों की अविलंब मशीन या सफाईकर्मियों द्वारा सफाई कराई जाए। कचरा प्रबंधन के लिए उचित डस्टबिन और निस्तारण की व्यवस्था की जाए। बीमारी फैलने से रोकने के लिए क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाए।

पूरे देश में इन दिनों स्वच्छता अभियान के तहत हर घर साफ रखने सहित सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर सफाई की जा रही है, परन्तु इसके बाद भी ग्राम पंचायत धनेरा में इसका कोई असर देखने को नहीं मिला है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां सरपंच एवं सचिव को कोई डर नहीं वह इस ओर किसी भी तरह का कोई ध्यान नहीं दे रहें। उन्होंने कहा है कि टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय इस ओर ध्यान देकर धनेरा ग्राम पंचायत में एक विशेष अभियान चलाएं।

### फैल रहीं बीमारियां

ग्राम पंचायत धनेरा के ग्रामीणों ने बताया है कि उनकी ग्राम पंचायत में गंदगी होने के कारण अब बीमारियों ने घेरना शुरू कर दिया है। उनका मानना है कि ग्राम के कई लोग ऐसे हैं जो गंदगी के कारण अब बीमारियों का चपेट में आ गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल तक ले जाना पड़ा, परन्तु यहां के जिम्मेदारों को इसकी कोई परवाह नहीं।

## 12 मई तक तीर्थदर्शन योजना के होंगे आवेदन

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के तीर्थ यात्रियों को 26 मई को द्वारका-सोमनाथ यात्रा जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक पात्र हितग्राही इस यात्रा में द्वारका-सोमनाथ जाने हेतु अपना आवेदन पत्र 12 मई तक संबंधित विभागों में जमा होंगे।**

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत यदि एक ही व्यक्ति द्वारा जनपद/नगर परिषद में पृथक-पृथक आवेदन किया गया है, तो आवेदन निरस्त हो सकता है। इसलिये जो व्यक्ति जिस नगर परिषद/जनपद का रहने वाला है, उसी नगर परिषद/जनपद पंचायत से ही आवेदन पत्र किये जायें।

# 11 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी पकड़ा



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। मोहनगढ़ थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए 11 पेटी अवैध देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि इस कार्यवाही को मुखबिर की सूचना पर अंजाम दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।**

थाना प्रभारी अंकित दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। ग्राम मस्तापुर में दबिश देकर आरोपी कृष्ण कलार उम्र 19 वर्ष के कब्जे से 11 पेटी अवैध देशी प्लेन शराब कुल अनुमानित मूल्य 42,250 जब्त की गई।

उक्त प्रकरण में थाना मोहनगढ़ में अपराध क्रमांक 104/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विधि अनुसार कार्रवाई की गई है। इस सफल कार्रवाई में रघुवीर, आरक्षक प्रशांत साहू, लक्ष्मीप्रसाद कुशवाहा, रामकेश पटैल, पुष्पराज एवं एनआरएस पंचम सूत्रकार, सुनील की सराहनीय भूमिका रही।